आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार– 28.03.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश की पांच लोकसभा सीट के लिए भरे गए कुल 63 नामांकन पत्रों में से 56 सही पाए गए।
- केन्द्र ने वर्ष 2024–25 के लिए मनरेगा कामगारों का संशोधित पारिश्रमिक अधिसूचित किया।
- उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सभी विश्वविद्यालयों को पीएचडी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा के स्थान पर नेट स्कोर का उपयोग करने को कहा।

नामांकन पत्र जांच

प्रदेश की पांचों लोकसभा सीट के लिए भरे गए कुल 63 नामांकन पत्रों में से 56 सही पाए गए हैं। कल नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद आज विभिन्न प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच की गई। राज्य के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने आज देहरादून में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि नामांकन पत्रों की जांच के बाद टिहरी लोकसभा सीट के लिए 11 नामांकन वैध पाए गए। इसी तरह गढ़वाल में 13, हरिद्वार में 14, अल्मोड़ा में 08 और नैनीताल लोकसभा सीट के लिए 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही पाए गए। गौरतलब है कि शनिवार तक नामांकन वापस लिये जा सकते हैं। 19 अप्रैल को राज्य की सभी लोकसभा सीटों पर मतदान होगा।

मतदाता जागरुकता हरिद्वार

हरिद्वार जिले में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, जिले के विभिन्न होटलों में भी आज पर्यटन विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यटकों सहित होटल स्टाफ को लोकतंत्र में मत के महत्व को समझाते हुए मतदान के लिए प्रेरित किया गया। जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुरेश सिंह यादव ने बताया कि होटलों में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाने की जरूरत थी, क्योंकि यहां पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। उन्होंने कहा पर्यटकों के साथ ही होटल स्टाफ को भी जागरूक करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को उनके मताधिकार की महत्वता और प्रक्रिया के बारे में बताया जा रहा है। इससे लोगों को मतदान करने की प्रेरणा तो मिलती ही है, साथ ही लोकतंत्र को मजबूती भी मिलती है।

लिकर मॉनिटरिंग टीम

प्रदेश की पांचों लोकसभा सीट के लिए आगामी 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए चुनाव आयोग की टीमें तैयारियों में जुटी हैं। आयोग के आदेशों के बाद देहरादून की जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका के निर्देश के बाद चुनाव में शराब और पैसे के चलन को रोकने के लिए लिकर मॉनिटरिंग टीम डोईवाला में सक्रिय हो गई हैं। टीम में आबकारी विभाग और वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हैं। आज टीम ने डोईवाला–दुधली–देहरादून मार्ग पर सभी वाहनों की सघन तलाशी की। इस दौरान टीम को किसी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

भाजपा घोषणा पत्र

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र को आज अंतिम रूप दे दिया गया। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में जनता के सुझाव को शामिल करने के लिए पिछले दिनों विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में 35 रथ रवाना किए थे। प्रत्येक रथ के जिम्मे दो विधानसभा क्षेत्र दिए गए थे। पार्टी ने ऑनलाइन सुझाव प्राप्त करने के लिए भी व्यवस्था की थी। संकल्प पत्र के संयोजक त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड की 70 विधानसभा से जनता ने करीब 70 हजार सुझाव दिए गए हैं। इसके अलावा नमो ऐप के माध्यम से भी सुझाव मिले हैं। उन्होंने बताया कि सभी सुझावों में से 60 प्रतिशत राज्य को, जबकि 40 फ़ीसदी सुझाव केंद्र को भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी प्राप्त सुझावों से देश को विकसित बनाने के संकल्प को और भी ज्यादा मजबूती दी जाएगी। वहीं, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने संकल्प पत्र के लिए भेजी गई सुझाव पेटियों पर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कितनी भी पर्चियां निकाल ले, राज्य में माहौल कांग्रेस के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि राज्य की मूलभूत समस्याओं का समाधान नही हुआ है और केंद्र में परिवर्तन का, जनता मन बना चुकी है।

अधिसूचना जारी

केन्द्र सरकार ने वर्ष 2024—25 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम—मनरेगा के तहत संशोधित पारिश्रमिक के बारे में अधिसूचना जारी की है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा है कि अधिसूचना पहली अप्रैल से लागू हो जाएगी। मनरेगा श्रमिकों की मजदूरी दर में इससे पहले पिछले वर्ष मार्च में संशोधन हुआ था।

मौसम

मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में अगले तीन दिन गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि का अनुमान जताया है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में प्रदेश के कुछ स्थानों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घण्टा की रफ्तार से आंधी भी आ सकती है। विभाग ने आंधी का येलो एलर्ट जारी करते हुए लोगों से सर्तक रहने की अपील की है।

उतर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू हो गया है, जो 10 अप्रैल तक किया जाएगा। इसी कड़ी में चम्पावत जिले में दो मूल्यांकन केंद्रों पर 60 हजार से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है। मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि जिले में राजकीय इंटर कॉलेज, लोहाघाट और राजकीय इंटर कॉलेज, टनकपुर को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। इन केन्द्रों पर हिंदी, गणित और विज्ञान सहित अन्य विषयों की 60 हजार से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य किया जाना है। इसके लिए दोनों मूल्यांकन केंद्रों में छह—छह टेबल लगाई गई हैं। जिसके लिए 112 परीक्षक, 20 अंकेक्षक और 10 प्रधान परीक्षक तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मूल्यांकन कार्य को पारदर्शिता और ईमानदारी से करने के लिए सभी को निर्देशित किया गया है।

हत्या

ऊधमसिंह नगर जिले के नानकमत्ता गुरुद्वारे में आज सुबह अज्ञात लोगों ने मुख्य सेवक बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस कई स्थानों पर नाकेबंदी कर आरोपियों की तलाश कर रही है। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी में भी कैद हुआ है। वहीं, घटना की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट भी गुरुद्वारा पहुंचे और बाबा तरसेम सिंह के पार्थिव

शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने हत्या के खुलासे को लेकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित भी किया। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने कहा कि घटना की जांच के लिए पुलिस मुख्यालय ने एस.आई.टी का गठन किया है जिसमें एसटीएफ और स्थानीय पुलिस के अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले को जल्द सुलझाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

देश के सभी विश्वविद्यालय शिक्षा सत्र 2024–25 से पीएचडी में प्रवेश के लिए अलग अलग प्रवेश परीक्षाओं के स्थान पर राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के अंतर्गत प्राप्त किए गये स्कोर का उपयोग करेगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि शिक्षा सत्र 2024–25 से पीएचडी में प्रवेश के लिए विभिन्न शिक्षा संस्थानों द्वारा संचालित प्रवेश परीक्षाओं के स्थान पर राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा– नेट स्कोर का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जून 2024 सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया की जानकारी अगले सप्ताह उपलब्ध हो जाने की आशा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी इस पर काम रही है।

परीक्षा केंद्र आवंटन सूची जारी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने इस वर्ष की संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई मेन्स के दूसरे सत्र के परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्र वाले शहर आवंटन की अग्रिम सूचना जारी कर दी है। जेईई–मेन्स का दूसरा सत्र चार से 12 अप्रैल तक 319 शहरों के विभिन्न केन्द्रों पर होगा। इनमें 22 शहर विदेशों के भी हैं। परीक्षा प्रत्येक दिन दो शिफ्टों में होगी। पहला शिफ्ट सुबह 9 बजे से दिन के 12 बजे तक और दूसरा शिफ्ट दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। 12 अप्रैल की परीक्षा केवल सुबह की शिफ्ट में होगी। परीक्षार्थी एनटीए की वेबसाइट पर अपनी आवदेन संख्या और जन्मतिथि डालकर परीक्षा केन्द्र से जुई हुई जानकारी ले सकते हैं।

दीक्षान्त समारोह

उत्तराखंड वानिकी प्रशिक्षण अकादमी, हल्द्वानी में वन आरक्षी प्रशिक्षण सत्र 2023 के दूसरे सत्र के 94 वन आरक्षियों ने आज पासिंग आउट परेड में हिस्सा लिया। इस दौरान प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक ने पासिंग आउट परेड की सलामी ली। दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षुओं ने अपने कार्य और निष्ठा की शपथ भी ली। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रदेश के 13 जिलों से आये वन आरक्षियों ने विभिन्न कर्तव्य और कार्यों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षुओं के लिए वन्य जीव रेस्क्यू, ट्रैंक्यूलाइज़ेशन, कैमरा ट्रेप और ड्रोन प्रशिक्षण सहित विभिन्न विशेष कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

ऑपरेशन मुक्ति अभियान

बाल भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से ऑपरेशन मुक्ति अभियान के तहत आज देहरादून में जन–जागरूकता रैली निकाली गयी। पुलिस लाइन देहरादून से रेसकोर्स क्षेत्र में निकाली गई रैली के दौरान बाल भिक्षावृत्ति तथा बाल श्रम की रोकथाम के लिए आमजन को प्रेरित किया गया। इसके अलावा आम जनता से बच्चों को भिक्षा न देने, नाबालिग बच्चों को घरेलू कार्यों व प्रतिष्ठानों पर काम में न लगाए जाने, बच्चों को नशे की प्रवृत्ति से मुक्त कराने और बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने की अपील की गयी। साथ ही मानव तस्करी विरोधी इकाई द्वारा चाइल्ड हेल्प लाईन के साथ मिलकर नुक्कड़ नाटक के जरिए बच्चों के लिये शिक्षा के महत्व को समझाते हुऐ आमजन को जागरुक किया गया।